तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 1 अगस्त 2026



10 छात्रों ने किया एमिटी यूनिवर्सिटी का शैक्षणिक भ्रमण





12 कांवर यात्रा के लिए महिला समिति का गठन






**खबर संक्षेप**

## किराना दुकान की आड़ में शराब बेचते पिता-पुत्र गिरफ्तार



**पलारी।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में अवैध मादक पदार्थों और अवैध शराब की बिक्री व तस्करी पर लगाम कसने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पलारी थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। ग्राम देवसुंद्रा में किराना दुकान की आड़ में अवैध रूप से भारी मात्रा में देशी, अंग्रेजी शराब और बीयर बेचने वाले आदतन कोछिया पिता-पुत्र को पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। 30 जुलाई को ग्रामीणों से सूचना मिली कि ग्राम देवसुंद्रा निवासी सुरेश वर्मा और उसका बेटा वेदय वर्मा अपने स्कूल पारा चौक स्थित किराना दुकान में भारी मात्रा में अवैध शराब रखकर बेच रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी पलारी के नेतृत्व में पुलिस टीम उप निरीक्षक हेमंत साहू, प्रधान आरक्षक राजेश चंद्राकर, आरक्षक संजय गुप्ता ने तत्काल घेराबंदी कर किराना दुकान पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान बोरी में छिपाकर रखी गई भारी मात्रा में शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके से कुल 18,880 रुपये मूल्य की 28.950 बल्क लीटर शराब और बीयर जब्त की है। इसमें गोवा व्हीस्की 98 पौवा, रोमियो देशी मसाला शराब 42 पौवा, *सिम्बा बियर 5 बोतल शामिल हैं।

## कलेक्टर ने तहसील कार्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

# ऑनलाइन प्रकरण दर्ज करने और योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा गुरुवार को सुहेला में विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को जरूरी निर्देशित दिये।

कलेक्टर श्री शर्मा ने तहसील कार्यालय का निरीक्षण के दौरान तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार कोर्ट के प्रकरणों का अवलोकन कर भविष्य में सभी प्रकरण ऑनलाइन दर्ज करने एवं समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने एग्रीस्टेक पंजीयन हेतु छूटे हुए किसानों का पंजीयन कराने तथा स्वामित्व कार्ड बनाने वितरण में तेजी लाने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर ने तहसील कार्यालय में संचालित सेवा सेतु पोर्टल का भी जायजा लिया और संचालक से सेवाओं और प्रतिदिन आवेदनों की संख्या के सम्बंध में पूछ ताछ कर जानकारी ली। उन्होंने सभी 600 सेवाओं की जानकारी लोगों को आसानी से उपलब्ध हो इसके लिये क़क्ष में बार कोड चस्पा करने कहा।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम, अतुल शेट्टे, सीएमएचओ डॉ, राजेश अवस्थी, तहसीलदार के के. वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



### कलेक्टर ने पीएम आवास, स्वास्थ्य सेवाओं और बिहान गतिविधियों का लिया जायजा





### सोलर दीदी के रूप में कार्य करने किया प्रोत्साहित

कलेक्टर ने एनआरएलएम आजीविका केन्द्र में बिहान की दीदियों से मुलकात की और उनके द्वारा किये जा रहे विभिन्न आजीविकामूलक गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने शासन की महत्वपूर्ण पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर पैनल लगवाने हितग्राहियों से फार्म संकलन एवं वेंडर चयन में मदद करने सोलर दीदी के रूप में कार्य करने प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा क्रि किसी एक उत्पाद का चयन कर एक स्थान पर बड़े पैमाने पर निर्माण करें,मशीनरी एवं अन्य व्यवस्था प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।

### सोखता गड्ढे का निर्माण करने कहा

कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुहेला के निरीक्षण के दौरान प्रतिदिन ओपीडी एवं मासिक आईपीडी की संख्या, बेड संख्या, दवाईयों की उपलब्धता तथा बरसात में स्नेक बाइट से बचाव हेतु एंटी वेनम की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने नये अस्पताल भवन निर्माण हेतु वर्तमान अस्पताल परिसर में ही उपयुक्त स्थल का चयन करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री शर्मा ने इसके पश्चात पीएम आवास योजना के हितग्राही प्रमिला वर्मा के नवनिर्मित आवास का अवलोकन किया और सुंदर मकान एवं बेहतर सोखता गड्ढा निर्माण पर सराहना करते हुए अन्य ग्रामीणों को भी इसी तरह से सोखता गड्ढे का निर्माण करने कहा।

## सरसीवां से सराईपाली सड़क बनी राहगीरों के लिए आफत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़पार-सरसींवा

क्षेत्र में लगातार रूक रूक कर हो रही बारिश राहगिरों की मुसीबत बन गई है। सरसीवां से सराईपाली मार्ग का पिछले 3 साल से अंचल के लोग इस जर्जर मार्ग से आवागमन करने मजबूर हो गए हैं। लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार मार्ग का निर्माण में लगे हुए हैं, लेकिन धीमी गति से निर्माण कार्य होने से यह मार्ग बारिश से पहले पूरे नहीं बन पाए, जिसके चलते लोगों को ज्यादा परेशानी हो रही है। बीच-बीच में ठेकेदार द्वारा सीसी रोड का निर्माण कराया गया है। अंचलवासियों ने विभाग से बारिश शुरू होने के पहले सड़क निर्माण कार्य पूर्ण करने की मांग की थी, लेकिन मांग पूरी नहीं हुई तो सड़क की दुर्दशा से लोग बेहाल हो गए हैं। सड़क नहीं बनने से बारिश में आफत और बढ़ गई है। बारिश के पहले लोग धूल की आंधी और गुब्बार से परेशान थे अब बारिश के बाद से जानलेवा गड्ढों ने परेशान कर रखा है। लोग जान जोखिम में डालकर इस मार्ग से होकर गुजरते हैं। लगातार हो रही बारिश से मार्ग में बड़े बड़े गड्ढे निर्मित हो गए हैं जिससे राहगीर गिर कर चोटिल हो रहे हैं।

### लगातार हो रही बारिश से सड़क में बने जानलेवा गड्ढे

ऐसे भी मार्ग जर्जर है ऊपर से भारी बारिश से सरसीवां से सरायपाली मार्ग की हालत खराब हो गई है। मोटर साइकिल सवार लोग आये दिन गिर कर जख्मी हो रहे हैं। इस मार्ग में गाताडीह, घरजरा, हरदी, नारबदं, टाटा, मुड़पार के बीच आवागमन करने वाले राहगीरों को ज्यादा परेशानी हो रही है। इस मार्ग से 100 से ज्यादा गांव के लोग रोजाना आवागमन करते हैं। स्कूली बच्चे इस मार्ग से आवागमन करते हैं बच्चे साइकल स्कूल जाते हैं इनके अभिभावक मोटर साइकिल से भी लाते ले जाते हैं। ज्ञात हो कि सरसीवां से मातानाला सीमा तक 16 किलोमीटर दूरी पर निर्माण कार्य चल रहा था पर बारिश के चलते कार्य थम गया है। यदि ठेकेदार द्वारा बारिश के पहले ही कार्य पूरा करा दिया रहता तो ये दिन नहीं देखना पड़ता।




## खबर संक्षेप



### गुरुपूर्णिमा पर सशिमं में गुरु वंदन कार्यक्रम

**अर्जुनी।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय अर्जुनी में गुरुपूर्णिमा मनाई गई। विद्यालय के आचार्यों ने गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारतीय संस्कृति में गुरु को ज्ञान का प्रकाश स्तंभ माना गया है। गुरु के मार्गदर्शन से ही व्यक्ति जीवन में सफल संस्कारवान तथा चरित्रवान व्यक्ति बनता है। विद्यालय के भैया-बहनों ने गुरु वंदना, प्रेरक गीत, भाषण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। विद्यार्थियों ने आचार्यों का तिलक लगाकर एवं पुष्प अर्पित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों से गुरुजनों के बताए मार्ग पर चलने, अनुशासित जीवन अपनाने तथा सदैव ज्ञानार्जन के लिए तत्पर रहने का संकल्प लेने का आह्वान किया। गुरुपूर्णिमा का यह आयोजन श्रद्धा, संस्कार एवं भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान का प्रेरणादायी संदेश देकर संपन्न हुआ। विद्यालय परिषद के किशोर भारती के भैया बहनों ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर आचार्य पुरुषोत्तम लाल वर्मा, वीरेंद्र वर्मा, रिपुसूदन श्रीवास, बसंत वर्मा, किशोरी लाल ध्रुव, माखन लाल साहू, श्रवण निषाद, हिंछाराम भरतद्वाज, लक्ष्मीनारायण निषाद दीदियाँ भगवती सेन, फाल्गुनी वर्मा, भागमती निषाद, कमला वर्मा, प्रीति वर्मा, नम्रता साहू सहित भैया बहन मंचीय कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### सरदार पटेल की जयंती पर जागरूकता कार्यक्रम



**पलारी।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर भारत सरकार द्वारा 2024 से 2026 तक दो वर्ष के राष्ट्रव्यापी भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अंचल के रावन के सामाजिक कार्यकर्ता और योग प्रशिक्षक दीपक कुमार वर्मा के द्वारा स्वच्छता अभियान, व्यसन मुक्त,पौधरोपण के बारे में शिविर में बताते हुए विविध स्थानों में जागरूकता कार्य किया जा रहा हैं। गुरुवार को महतारी सदन में एक दिवसीय योग शिविर कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता वर्मा बताते हुए कहा सरदार वल्लभभाई पटेल उद्यान, उपवन देश के विभिन्न शहरों में बने ऐसे सार्वजनिक उद्यान हैं, जो पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता का केंद्र हैं। जब हम इसके बारे में जागरूक होने की बात करते हैं, तो इसका उद्देश्य लोगों को प्रकृति से जोड़ना और 'लौह पुरुष' के अखंड भारत के संदेश को याद रखना है। इस दौरान स्व-सहायता समूह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, संगीता वर्मा, नीमा वर्मा, योगेश्वरी, जीवनदास मानिकपुरी, राधा वर्मा दूलेश्वरी, कुंती बाई धीवर, बेदन, संतोषी वर्मा, निर्मला बाई निर्मलकर, चंचला, कुलेश्वरी बाई वर्मा, दुर्गा वर्मा, सरिता डांडे, लक्ष्मी वर्मा, दिव्यांग जीवन दास, कामदेव इत्यादि ग्रामीणजन मौजूद थे।
फ़ोटो- योग करते हुए।

### स्मार्ट मीटर पर संसद की बात छत्तीसगढ़ में भी लागू हो, भाजपा सांसद अपनी जिम्मेदारी निभाएं

**रायपुर।** पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर ने स्मार्ट प्रीपैड मीटर के मुद्दे पर केंद्र सरकार की घोषित नीति को छत्तीसगढ़ में भी लागू करने की मांग करते हुए प्रदेश के भाजपा सांसदों से इस विषय पर स्पष्ट पहल करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा, संसद में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अप्रैल 2026 में स्पष्ट किया था कि स्मार्ट प्रीपैड मीटर किसी भी उपभोक्ता पर जबरन नहीं थोपे जा रहे हैं, और यह पूरी तरह वैकल्पिक व्यवस्था है और उपभोक्तओं की सहमति या अनुमति के बिना सामान्य बिजली मीटर को स्मार्ट मीटर में बदलना गैर कानूनी है। अकबर ने कहा, यदि संसद में केंद्र सरकार का यही आधिकारिक रुख है।

# सतनाम धाम राजीव नगर में मनी गुरु अमरदास जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

गुरु पूर्णिमा पर सतनाम धाम राजीव नगर में गुरु घासीदास के ज्येष्ठ पुत्र गुरु अमर दास जयंती समारोह वेदराम मनहरे उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति आयोग के मुख्य आतिथ्य में मनाई गई। सर्वप्रथम जोड़ा जैतखाम में पालो चढ़ाकर गुरु गद्दी आसान में मंगल आरती पूजा अर्चनाकर शुभारंभ किया तथा गुरु प्रसादी का वितरण किया।

मुख्य आतिथि वेदराम मनहरे ने सतधारी, तपस्वी, सत्य अहिंसा एवं समानता के पुजारी गुरु अमर दास को स्मरण करते हुए जय घोष के साथ मानव समाज को संबोधित करते हुए बाबा गुरु घासीदास के सात सिद्धांतों मानव मानव एक समान, नशापान से दूर रहने, जीव हत्या नहीं करने, पराई स्त्री को माता, बहन मानने, जुआ से दूर रहने एवं दोपहर को हल नहीं चलाने जैसे सतनाम संदेश का विस्तार से बताते हुए इसे जीवन जीने की कला बताया और कहा कि आज नशा स्वस्थ समाज को खोखला कर विनाश कर रहा है तथा यह सभ्य समाज के लिये अभिशाप है।

मनहरे ने सभी को सत्य मार्ग पर चलकर एक साथ मिलकर भाईचारा के साथ रहने का आह्वान किया। उन्होंने गुरु की जन्म स्थली गिरौधपुरी को सत्य का प्रमाण बताया और समाज में धर्म परिवर्तन पर नाराजगी जाहिर किया।

## उपाध्यक्ष वेदराम मनहरे बोले-गुरु घासीदास के सात सिद्धांत ही जीवन जीने की सच्ची कला



### गुरु किसी एक जाति धर्म का नहीं होता

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्याम सुंदर बांधेय अध्यक्ष खरोरा परिक्षेत्र ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए गुरु अमरदास जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। वहीं विशिष्ट अतिथि रश्मि वर्मा जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा ने गुरु के महिमा का बखान किया। सोना वर्मा अध्यक्ष भाजपा मंडल ने गुरु की जयघोष करते हुए गुरु को साक्षात परमब्रह्म बताया। अनिल सोनी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष खरोरा ने मानव समरसता की बातें कहते हुए कहा कि गुरु किसी एक जाति धर्म का नहीं होता कहते हुए जीवन में गुरु के महत्व को सर्वोपरि बताया। कार्यक्रम का संचालन संत नवरंगे, भोजराम मनहरे तथा आभार घनश्याम जोशी अध्यक्ष राजीव नगर खरोरा ने किया। इस अवसर पर सुमित सेन उपाध्यक्ष नगर पंचायत खरोरा, डॉ. अब्दुल अमीन खान, दुलेश साहू, भरत पंसारी, विकाश ठाकुर, रामेश्वर मरकाम, संतोष कुर्रे सहित बड़ी संख्या में समाजगण उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने ली कृषि एवं संबद्ध विभागों की समीक्षा बैठक

# उच्च गुणवत्ता वाले धान बीज उत्पादन और पशुओं के टीकाकरण में तेजी पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाज़ार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में कृषि, पशुपालन, मत्स्य एवं उद्यानिकी विभाग की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं एवं विभागीय कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को किसानों तक शासकीय योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाने के निर्देश देते हुए कहा कि जिले के सभी किसानों का एग्रीस्टैक में शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि किसानों को ग्रीष्मकालीन धान (रबी मौसम में धान) की खेती के बजाय अधिक लाभकारी वैकल्पिक फसलें अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। केवल प्रेरित करना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि किसानों को ऐसी फसलों की जानकारी भी दी जाए, जिनसे उन्हें अधिक आय प्राप्त हो सके। साथ ही इन फसलों के गुणवत्तायुक्त बीजों की पर्याप्त उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए।




### लंबित किसान सम्मान निधि का जल्द करें भुगतान

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के ऐसे हितग्राहियों, जिनका भुगतान किसी कारणवश लंबित है, उनका शीघ्र सत्यापन कर भुगतान की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम और जलवायु परिवर्तन के कारण किसानों की फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसलिए अधिक से अधिक किसानों को योजना से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए।

### उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने पर जोर

श्री शर्मा ने कहा कि जिले में धान का पर्याप्त उत्पादन होता है, लेकिन अब उच्च गुणवत्ता वाले धान बीज उत्पादन के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य कर प्रदेश में अग्रणी भूमिका निभाने की आवश्यकता है। उन्होंने इसके लिए विशेष कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए।उद्यानिकी विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रबी सीजन में जल की उपलब्धता अपेक्षाकृत कम रहती है। ऐसी परिस्थितियों में कम पानी में बेहतर उत्पादन देने वाली उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि किसानों को उद्यानिकी फसलों के लाभों की जानकारी देकर उन्हें इनकी खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाए, ताकि कम पानी में भी बेहतर उत्पादन और अधिक आय प्राप्त हो सके।

### माइक्रो एटीएम सुविधा का व्यापक प्रचार-प्रसार करें

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि कृषि उपार्जन समितियों का उपयोग कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) की तर्ज पर किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिले की 168 कृषि उपार्जन समितियों में से 129 समितियों में माइक्रो एटीएम की सुविधा उपलब्ध है, जिसके माध्यम से किसान 20 हजार रुपये तक की राशि आसानी से आहरित कर सकते हैं। उन्होंने इस सुविधा का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने पशुओं के टीकाकरण अभियान में तेजी लाने और अधिकाधिक पशुओं का टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि गोवंश सहित अन्य पशुओं का स्वास्थ्य बेहतर बना रहे। उन्होंने गौधाम योजना के तहत निर्मित एवं निर्माणाधीन गौशालाओं की प्रगति की भी समीक्षा करते हुए कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि कृषि एवं संबद्ध विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों से पूरी निष्ठा, समन्वय और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# हत्या के दोषी को 7 वर्ष का कारावास, अदालत ने अर्थदंड भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कसडोल थाना क्षेत्र में वर्ष 2024 में हुए हत्या के प्रयास के मामले में तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश, बलौदाबाजार ने आरोपी किशन साहू को दोषी करार देते हुए 7 वर्ष का कठोर कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई है।



लोक अभियोजक थानेश्वर वर्मा ने बताया कि घटना 30 दिसंबर 2024 की रात की है। प्रकरण के अनुसार, प्रार्थी हिमांशु साहू अपने साथियों के साथ इंदिरा कॉलोनी, कसडोल में मौजूद था। इसी दौरान रौनक साहू को आरोपी किशन साहू ने मोबाइल पर फोन कर स्टेडियम गार्डन के पास बुलाया। वहां पहले से मौजूद आरोपियों ने रौनक साहू के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि किशन साहू ने जान से मारने की नीयत से चाकू से उसके सीने और पेट पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

बीच-बचाव करने पहुंचे हिमांशु साहू के पेट में भी आरोपी ने चाकू से हमला किया, जबकि दिवाकर साहू के हाथ पर चाकू से वार किया गया। अन्य आरोपियों ने भी पीड़ितों के साथ मारपीट की। घटना में घायल हिमांशु साहू बेहोश हो गया था।

### 18 गवाहों और मेडिकल साक्ष्यों के आधार पर हत्या के प्रयास में दोषसिद्धि

मामले की रिपोर्ट कसडोल थाना में दर्ज होने के बाद पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी किशन साहू, हिमाचल साहू तथा तीन अपचारी बालकों को गिरफ्तार किया। आरोपी किशन साहू की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया गया और विवेचना पूरी कर न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष ने 18 साक्षियों के बयान प्रस्तुत किए। मेडिकल साक्ष्य, एमएलसी रिपोर्ट और अन्य दस्तावेजों के आधार पर अभियोजन ने यह साबित किया कि पीड़ितों पर प्राणघातक हमला किया गया था, जिससे समय पर उपचार नहीं मिलने पर उनकी जान भी जा सकती थी। अभियोजन पक्ष के तर्कों से सहमत होते हुए तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश विवेक गर्ग ने आरोपी किशन साहू को हत्या के प्रयास के अपराध में दोषी ठहराया। न्यायालय ने आरोपी को बीएनएस की धारा 109 के तहत 7 वर्ष के कठोर कारावास एवं 1,000 रुपये के अर्थदंड तथा धारा 115(2) के तहत 1 वर्ष के कारावास एवं 1,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। न्यायालय के आदेशानुसार दोनों सजाएं विधि अनुसार प्रभावी रहेंगी।

# मयूर शिशु मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर्व का आयोजन



**भाटापारा।** मयूर विद्यालय में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

नगर के प्रसिद्ध धर्माचार्य एवं भागवत गीता के प्रवचन कर्ता पं. झम्मन प्रसाद शास्त्री एवं नगर के वरिष्ठ साहित्यकार एवं शिक्षाविद बलदेव भारती एवं संस्था के प्राचार्य नंदलाल बाजपेई का विद्यार्थियों द्वारा स्वागत करते हुए मंच तक ले जाया गया। संचालन समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अशोक बाजपेई अध्यक्ष, रविंद्र जैन उपाध्यक्ष, श्रवण अग्रवाल सचिव, विजयमल कोषाध्यक्ष, एवं वरिष्ठ सदस्य अखिलेश जिंदाणी ने अतिथियों का श्रीफल, पुष्प गुच्छ भेंट कर व शाल ओढ़ाकर सम्मान किया।

अतिथि शास्त्रीजी ने छात्रों को संस्कारवान, संस्कृतिवान बनने गुरुजनों पर आस्था व उनके बताए मार्ग का अनुसरण करते हुए विद्यार्जन करने, गुरु जो कहे उसे परमात्मा की आज्ञा मानकर स्वीकार करने की प्रेरणा दी। शिक्षाविद श्री भारती ने भी विद्यार्थियों को मोबाइल एवं सोशल मीडिया से दूर रहने, समय के साथ चलने, कर्तव्य पथ में अपनी पहचान बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आपके जीवन के मूल्यवान 15 वर्ष समाप्त हो गए हैं।

# पुलिस ने फिर शुरू की दृष्टि हेल्पलाइन

**बलौदाबाजार।** जिले में पुलिस और आमजन के बीच समन्वय को और अधिक मजबूत एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने पूर्व में संचालित समाधान शिकायत हेल्पलाइन को नए स्वरूप में दृष्टि हेल्पलाइन के रूप में शुरू किया है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में प्रारंभ की गई इस पहल का उद्देश्य आम नागरिकों की सूचनाओं, सुझावों और सतर्क निगाहों के आधार पर अपराध एवं अवैध गतिविधियों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

पुलिस के अनुसार, दृष्टि हेल्पलाइन का मुख्य संदेश आपकी नजर, पुलिस की कार्रवाई तथा सतर्क नागरिक, सुरक्षित समाज रखा गया है। इसके माध्यम से नागरिक अपने आसपास होने वाली संदिग्ध, अवैध अथवा असामाजिक गतिविधियों की जानकारी सीधे पुलिस तक पहुंचा सकेंगे। साथ ही पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं जनहितैषी बनाने के लिए सुझाव और शिकायतें भी दर्ज करा सकेंगे।पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि हेल्पलाइन पर सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी, ताकि लोग बिना किसी भय या संकोच के पुलिस की सहायता कर सकें। इसके लिए नंबर जारी किया गया है, जिस पर आम नागरिक कॉल या व्हाट्सएप के माध्यम से सूचना, शिकायत अथवा सुझाव भेज सकते हैं।

# खुलेआम बैठ कर गांजा पीने से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

माठ गांव में खुलेआम गांजा पीने और अभद्रता की घटनाओं से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इस मामले को लेकर जनपद उपाध्यक्ष ने खरोरा थाने में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों के अनुसार, पिछले कई महीनों से गांव के तालाब मार्ग पर कुछ युवकों का समूह प्रतिदिन बैठकर गांजा पीता है और आने-जाने वाले लोगों के सामने गाली-गलौज करता है। इससे गांव का माहौल खराब हो रहा है और लोगों में भय का वातावरण बना हुआ है। हालांकि अब तक ठोस साक्ष्य नहीं होने के कारण ग्रामीण खुलकर शिकायत करने से बच रहे थे।

हाल ही में सोशल मीडिया और समाचार माध्यमों पर एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें कुछ युवक



कथित रूप से खुलेआम गांजा पीते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन एक ओर अवैध गांजे की बिक्री पर पूरी तरह रोक होने का दावा करता है, वहीं दूसरी ओर युवकों के पास खुलेआम गांजा पहुंचना कई सवाल खड़े करता है। आखिर गांजा कहां से आ रहा है और इसकी आपूर्ति कौन कर रहा है, यह जांच का विषय है। अब देखना यह होगा कि पुलिस वायरल वीडियो और प्राप्त शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ क्या कार्रवाई करती है।

## बायोटेक्नोलॉजी कार्यशाला में सीखे आधुनिक प्रयोग

# छात्रों ने किया एमिटी यूनिवर्सिटी का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय, खरोरा के कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय के 46 छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत एमिटी यूनिवर्सिटी का अध्ययन भ्रमण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी में आयोजित विशेष कार्यशाला (वर्कशॉप) में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को जैव प्रौद्योगिकी (बायोटेक्नोलॉजी) के विभिन्न आधुनिक सिद्धांतों एवं प्रयोगात्मक प्रक्रियाओं की जानकारी विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की गई। विद्यार्थियों ने प्रयोगशाला में बायोलॉजी एवं बायोटेक्नोलॉजी से संबंधित विभिन्न प्रायोगिक गतिविधियों को स्वयं करके वैज्ञानिक उपकरणों के उपयोग, प्रयोगशाला सुरक्षा, सैंपल परीक्षण तथा आधुनिक अनुसंधान पद्धतियों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया।

इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना, उच्च शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा प्रयोगात्मक ज्ञान के माध्यम से उनके कौशल का विकास करना था। विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में उपलब्ध करियर संभावनाओं की भी विस्तृत जानकारी दी।

विद्यार्थियों ने इस शैक्षणिक भ्रमण को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताते हुए भविष्य में विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा प्राप्त होने की बात कही। इस अवसर पर विद्यालय की व्याख्याता रीतारानी वर्मा एवं प्रिया संघवी की विशेष उपस्थिति रही। दोनों शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन एवं सतत सहयोग से विद्यार्थियों ने अनुशासित एवं सफलतापूर्वक इस शैक्षणिक गतिविधि में सहभागिता करते हुए बहुमूल्य ज्ञान अर्जित किया। विद्यालय परिवार ने इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, वैज्ञानिक सोच एवं नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

# विद्यार्थी जीवन में गुरु का स्थान सर्वोपरि : डॉ.दिलीप



**खरोरा।** गुरु घासीदास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमसेना में गुरु पूर्णिमा पर विद्यार्थियों ने अपने गुरु जनों का तिलक लगाकर, पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। संस्था के प्राचार्य डॉ. दिलीप झा ने विद्यार्थियों को गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में गुरु से बढ़कर कोई नहीं, गुरु वह है जो जीवन में अज्ञानता रूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान रूपी प्रकाश लाता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में कोई न कोई गुरु अवश्य होता है जो उसे सही दिशा दिखाता है, विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में अपनी सफलता का रास्ता तय करना है। वहीं वरिष्ठ व्याख्याता दिनेश तिवारी ने गुरु शिष्य परंपरा का विस्तार से समझाते हुए इस परंपरा को भारतीय संस्कृति का अमूल्य निधि बताया। शिक्षक बी एल मंगेशकर ने अनुशासन में रहकर आदर्श जीवन प्रस्तुत करने को कहा। कार्यक्रम को अन्य शिक्षक अमरदास जांगड़े, मेहर सिंह रावटे, भोजराम मनहरे ने भी संबोधित किया। सभी शिक्षकों के संबोधन से विद्यार्थियों के मन में गुरु के प्रति श्रद्धा और सम्मान की भावना और अधिक प्रबल हुई।



# पौंसरी की शिक्षिका भारती वर्मा बनी लेडी स्काउट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

धमतरी जिले के भखारा स्थित अंबेडकर मांगलिक भवन में आयोजित सात दिवसीय राज्य स्तरीय बेसिक स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन एवं रोवर-रेंजर लीडर प्रशिक्षण शिविर का गुरुवार को समापन हुआ। जिसमें भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य अध्यक्ष एवं स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा के निर्देशन तथा राज्य प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट पूनम सिंह साहू एवं राज्य प्रशिक्षण आयुक्त गाइड सरिता पाण्डेय के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 99 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण शिविर में विकासखंड सिमगा के 6 शिक्षकों ने उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसमें भारती वर्मा, खिवराज देवांगन, अजय ठाकुर, प्रकाश कुमार कुम्भकार, लोकेश कुमार ध्रुव एवं नन्द किशोर निषाद शामिल रहे। शासकीय प्राथमिक शाला पौंसरी की शिक्षिका भारती वर्मा ने बेसिक प्रशिक्षण में लेडी स्काउट मास्टर के रूप में प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण के दौरान नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, झंडा गीत, राष्ट्रीय गान, स्काउट-गाइड चिन्ह, सेल्यूट, बाएं हाथ से अभिवादन, बीपी सिक्स, गांठें, ध्वज ज्ञान, अनुमान लगाना, सिग्नल और हाइक जैसी गतिविधियों का व्यवहारिक प्रशिक्षण सफलतापूर्वक लिया।

## स्काउट-गाइड प्रशिक्षण से शिक्षकों ने सीखे नेतृत्व और सेवा के गुर

### प्रमाण-पत्र वितरण के साथ राज्य स्तरीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन

24 से 30 जुलाई तक चले इस प्रशिक्षण शिविर में धमतरी जिले के चारों विकासखंडों के अलावा दंतेवाड़ा, कोंडागांव, गरियाबंद, बलौदाबाजार, दुर्ग और राजनांदगांव सहित विभिन्न जिलों से 31 स्काउट, 36 गाइड तथा 32 रोवर-रेंजर सहित कुल 99 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का समापन सर्वध शिविर र्म प्रार्थना सभा, ओपन सेशन, शंकाओं के समाधान तथा प्रमाण-पत्र वितरण के साथ हुआ। प्रशिक्षण शिविर के सफल आयोजन में शिविर संचालक इनूराम वर्मा, सहायक संचालक जे. रामकरण साहू सहित सभी प्रशिक्षकों एवं सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।

### 99 प्रशिक्षणार्थियों ने किया सहभागित

शिक्षिका भारती वर्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और स्काउटिंग गतिविधियों के संचालन के लिए नई ऊर्जा मिली है। समापन की पूर्व संध्या पर आयोजित भव्य ग्रेट कैम्प फायर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. गणेश प्रसाद साहू ने की। इस अवसर पर जिला मुख्य आयुक्त चेतन हिंदूजा, उपाध्यक्ष कृष्णाराम साहू, गजानन साहू, जिला मुख्यालय आयुक्त नंदकिशोर साहू, एबीईओ धर्मेंद्र साहू, पूर्व अध्यक्ष दीपेंद्र साहू, पार्षद ठुमेंद्र कुमार गंगबेल, जिला सचिव सोहनलाल साहू, बीआरसीसी कुरूद कुलेश्वर सिन्हा, रोवर लीडर कमलेश साहू सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। अतिथियों ने शिविर ज्वाला प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर ज्वाला कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों ने लोकनृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया ।

## खबर संक्षेप

### गश्त के दौरान दो ड्रंक एंड ड्राइव, दो आर्म्स एक्ट की कार्रवाई

**रायपुर।** सेंट्रल जोन में रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो लोगों पर आर्म्स एक्ट कायम किया तथा दो वाहन चालकों पर ड्रंक एंड ड्राइव की कार्रवाई कर दो कारें जब्त की हैं। कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने तथा देर रात संदिग्ध एवं बेवजह घूमने वाले लोगों पर निगरानी रखने के उद्देश्य से जोन के सभी थाना प्रभारी विशेष रात्रि चेकिंग अभियान चला रहे हैं। अभियान के दौरान कोतवाली क्षेत्र के बैजनाथपारा में पुलिस वाहन चालकों की जांच कर रही थी, इसी दौरान दो कार चालक नशे में कार चलाते पाए गए। वहीं गंज, मौदहापारा में संदिग्ध रूप से घूम रहे योगेश नायक, नवीन उर्फ बाबू उर्फ छोटू सामल की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से चाकू मिला।

### दो किलो गांजा बरामद दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो युवक के कब्जे से दो किलो गांजा जब्त किया है। दोनों युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई करते हुए उन्हें कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर दिया है। गांजा बेचने के आरोप में पुलिस ने देवारपारा निवासी गोलू कुलहरिया, सुजीत दिवरा को गिरफ्तार किया है। दोनों तेलीबांधा मुक्तिधाम के पास गांजा बेचते गिरफ्तार किए गए।

### सिंहदेव मेदांता अस्पताल में शिफ्ट, सीएम देखने पंहुचे

**रायपुर।** यूपी के पास एक सड़क हादसे में घायल हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव को गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में शिफ्ट किया गया है। वे एक दिन पहले सड़क हादसे में घायल हुए थे, इसके बाद उन्हें झांसी के मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। श्री सिंहदेव के स्वास्थ्य के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री केदार कश्यप, राजनांदगांव के भाजपा सांसद संतोष पांडेय गुरुवार को मेदांता अस्पताल गए। बताया गया है कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की हालत स्थिर है।

## सुलभ शौचालय व यात्री प्रतीक्षालय शीघ्र शुरू करने सौंपा गया ज्ञापन

# बस स्टैंड की मूलभूत सुविधाएं जल्द बहाल करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



नगर पालिका परिषद के नेता प्रतिपक्ष शेख सलमान के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी को ज्ञापन सौंपकर नए बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए मूलभूत सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने नवनिर्मित सुलभ शौचालय को अविलंब आम जनता के लिए प्रारंभ करने तथा निर्माणाधीन यात्री प्रतीक्षालय का कार्य शीघ्र पूर्ण कर उसे जनता को समर्पित करने की मांग उठाई।

ज्ञापन में कहा गया कि नया बस स्टैंड प्रतिदिन हजारों यात्रियों की आवाजाही का प्रमुख केंद्र है, लेकिन यहां अब तक आवश्यक नागरिक सुविधाएं पूरी तरह उपलब्ध नहीं हो सकी हैं। बरसात के मौसम में महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों और बच्चों सहित यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लाखों रुपये की लागत से निर्मित सुलभ शौचालय तैयार होने के बावजूद बंद पड़ा है, जबकि यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण भी अभी तक पूरा नहीं हो पाया है।

नेता प्रतिपक्ष शेख सलमान ने कहा कि जनता के कर से निर्मित सार्वजनिक सुविधाओं का समय पर उपयोग में नहीं आना प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने मांग की कि जनहित को प्राथमिकता देते हुए सुलभ शौचालय तत्काल शुरू कराया जाए तथा यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूरा कर आम नागरिकों को समर्पित किया जाए।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी ने प्रतिनिधिमंडल को मांगों पर सकारात्मक एवं शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

इस दौरान पार्षद डिगेश्वरी नामदेव, शेखर गुप्ता, सुरेश घृतलहरे, अमितेश नेताम, पार्षद प्रतिनिधि गोविंद पात्रे, सुभाष राव, रविन्द्र नामदेव एवं हेमंत ठाकुर उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि बस स्टैंड जैसी महत्वपूर्ण सार्वजनिक जगह पर यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर समयबद्ध कार्रवाई नहीं हुई तो जनहित में लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक माध्यमों से आंदोलन किया जाएगा।

# सिमगा में खण्ड स्तरीय बैंकर्स मीटिंग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति की मासिक बैठक गुरुवार को जनपद पंचायत सिमगा के सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ। अग्रणी जिला प्रबंधक शिव कुमार कंवर ने भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, बलौदाबाजार जो डी पी आ र सी भ व न बलौदाबाजार में संचालित है जिसके बारे में जिले की बेरोजगार युवा एवं युवतियों को कौशल विकास के माध्यम से स्वरोजगार हेतु सक्षम बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी प्रदान किया गया।

- युवाओं को कौशल विकास से जोड़ने पर जोर

बैठक में मुख्यतः शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर चर्चा हुई, जिसमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री की अति महत्वाकांक्षी योजना पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के साथ स्व सहायता समूह लिंकेज एवं ऋण वितरण, एनआरएलएम योजना, कृषको को दिए जाने वाले ऋण किसान क्रेडिट कार्ड, डेयरी व्यवसाय, मछली पालन,पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा, मुद्रा लोन,अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना इत्यादि पर भी चर्चा हुई । सभी बैंकों को निर्देशित किये कि शासकीय योजना के पुराने खातें जिसमें लेनदेन नहीं हो रहे हैं ऐसे डीफ खातें केवायसी लेकर संचालन में लाएं अथवा खाता बंद कर राशि अन्य शासकीय योजना के खातों में जिला कोषांलय अधिकारी से जानकारी प्राप्त कर स्थानांतरित करें।डिज़टिल धोखाधड़ी को रोकने के लिए वित्तीय साक्षरता पर जोर दिया गया। बैठक में जनपद सीईओ सी.पी.मनहर, एडिशनल सीइओ एसआर गेंडरे सहित के सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक और एनआरएलएम बिहान के बैंक सखी, बैंक मित्र, एफएलसीआरपी, पीआरपी उपस्थित रहे।

# श्री फाउंडेशन ट्रस्ट के निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 106 लोगों ने कराई जांच, 65 को मिले चश्मे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार






श्री फाउंडेशन ट्रस्ट एवं एएसजी हॉस्पिटल रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पंचायत खपराडीह स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों की आंखों की जांच कर आवश्यक परामर्श और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

बदलती जीवनशैली के कारण बढ़ रही नेत्र संबंधी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए श्री सीमेंट लिमिटेड के सीएसआर विभाग के अंतर्गत श्री फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा इस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान कुल 106 लोगों की नेत्र जांच की गई, जबकि 65 जरूरतमंद लाभार्थियों को निःशुल्क चश्मों का वितरण किया गया। लाभार्थियों में 40 पुरुष एवं 66 महिलाएं शामिल रहीं। जांच के दौरान 6 मोतियाबिंद के मरीजों की पहचान की गई, जिनका आगे आवश्यक उपचार कराया जाएगा।

शिविर के सफल आयोजन में ग्राम पंचायत खपराडीह के सरपंच गजेंद्र वर्मा तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य डी.एन. वर्मा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में फाउंडेशन ट्रस्ट के अशोक वर्मा, वीरेंद्र बघेल एवं दीपक वर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं ए.एस.जी. हॉस्पिटल, रायपुर के नेत्र विशेषज्ञ शोभराम पटेल एवं रंजीत ने तकनीकी सहयोग प्रदान करते हुए सभी लाभार्थियों की नेत्र जांच की और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया।

# रोजगार मेले का आयोजन 5 अगस्त को, 194 पदों पर होगी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन जिला रोजगार कार्यालय परिसर बलौदाबाजार में 5 अगस्त को सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक किया जायेगा। रोजगार मेला में कुल 194 पदों पर भर्ती की जाएगी।

जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार निजी क्षेत्र के नियोजक सेठ कुंजीलाल फ्यूल बलौदाबाजार द्वारा सेल्स कंसलटेंट के 2 पद, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव 2 एवं टेली ऑपरेटर के 2 पद, शैक्षणिक योग्यता बारहवीं से उच्च, उम्र 18 से 35 वर्ष, वेतन योग्यता तथा पदानुसार 7 हजार से 10 हजार रुपये देय एवं कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा। जायका ऑटोमोबाइल प्रा.लि. रायपुर द्वारा सेल्स एग्जीक्यूटिव के 2 पद, तकनीशियन के 2 पद, सर्विस एडवाइजर के 2 पद, कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव के 2 पद, शैक्षणिक योग्यता स्नातक एवं आईटीआई उत्तीर्ण, उम्र 20 से 25 वर्ष, वेतन योग्यता तथा पदानुसार 15 हजार से 16 हजार रुपये देय होगा। अनुभव 0 से 2 वर्ष, कार्यक्षेत्र रायपुर, बलौदाबाजार होगा। जिन्दल स्टील प्रा.लि. मंदिर हसौद रायपुर द्वारा मशीनिस्ट के 100 पद, शैक्षणिक योग्यता आईटीआई उत्तीर्ण एवं अनुभव 0 से 3 वर्ष, उम्र 18 से 35 वर्ष, वेतन 13 हजार से 14 हजार रुपये देय होगा कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा। दुर्गेश सिक्योरिटी सर्विस रायपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के 50 पद, शैक्षणिक योग्यता दसवीं, बारहवीं उत्तीर्ण, उम्र 18 से 45 वर्ष, वेतन 10 हजार से 18 हजार रूपये देय होगा, कार्यक्षेत्र रायपुर होगा। इंडिया हेल्प पोइंट रायपुर द्वारा मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव के 20 पद, शैक्षणिक योग्यता दसवीं से उच्च उत्तीर्ण, उम्र 18 से 50 वर्ष, अनुभव 0 से 1 वर्ष, वेतन अनुभव के अनुसार 8 हजार से 15 हजार रूपये तक देय होगा। कार्यक्षेत्र छत्तीसगढ़ होगा।

रोजगार मेला में भाग लेने हेतु आवेदकों का जिला रोजगार कार्यालय में पंजीयन होना अनिवार्य हैं।

# न्योता भोज में छलका आत्मीयता का रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में विद्यालय परिवार द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संकुल केंद्र पचरी के समस्त विद्यालयों के शिक्षकों एवं अतिथियों को सादर किया गया। आयोजन के दौरान विद्यार्थियों ने खीर-पूरी, केले, जलेबी सहित विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। पूरे कार्यक्रम में अपनत्व, सौहार्द और पारिवारिक वातावरण की सुंदर झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक कांत कुमार, प्राथमिक शाला पचरी के प्रधान पाठक गिरवर प्रसाद सोनी, प्राथमिक शाला मधईपुर के प्रधान पाठक गणेश राम देवांगन, शिक्षक लुकेश कुमार ध्रुव, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की अध्यक्ष मीना धीवर, सदस्य तारक दास तथा ग्राम के प्रतिष्ठित शिक्षाविद एवं सेवानिवृत्त शिक्षक दुकलहा राम वर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित इस स्नेहपूर्ण एवं सुव्यवस्थित न्योता भोज की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए इसे विद्यालय और समुदाय के बीच बेहतर समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

अतिथियों ने विद्यालय की रसोइया चंपा देवांगन, दुलौरीन यादव एवं उर्वशी वर्मा की विशेष प्रशंसा करते हुए उनके द्वारा तैयार किए गए स्वादिष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण व्यंजनों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर एवं प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं आत्मीय शब्दों से स्वागत किया तथा आयोजन में सहभागिता के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।



# नव नियुक्त सहायक संचालक से दिव्यांग बच्चों ने की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

सारंगढ़ नव सृजित जिला बनने के बाद से समाज कल्याण विभाग जिला सारंगढ़ - बिलाईगढ़ अधिकारी प्रभार में रहे। लंबे अर्से बाद यहां पिछले दो सप्ताह पहले 13 जुलाई को नव पदस्थ सहायक संचालक मुकेश प्रधान ने अपना पदभार ग्रहण किया। समाज कल्याण विभाग ने युवा को कमान सौंपी है। सारंगढ़ नगर के स्थानीय प्रांजल दिव्यांग विशेष विद्यालय के बच्चे और संस्था के प्रमुख हिरा देवी निराला, शिक्षक प्रांजल ने समाज कल्याण विभाग के युवा अधिकारी सहायक संचालक मुकेश प्रधान से सौजन्य मुलाकात कर गुलदस्ते भेंट कर स्वागत किए। वही सहायक संचालक को अपने संस्था में आने का निमंत्रण दिए समाज कल्याण विभाग के अधिकारी से मिलकर बच्चों से खुशी जाहिर किए। प्रांजल दिव्यांग विशेष विद्यालय पिछले दो दशक से सारंगढ़ में संचालित है। इस संस्था में दिव्यांग बच्चे रहते है यह संस्था सरकार की अनुदान के द्वारा संचालित होती है। बच्चे यहां रहकर पढ़ते है और उन्हें मुख्य धारा से जोड़ी जाती है । समाज कल्याण विभाग की विशेष मार्गदर्शन और सरकार की योजनाओं से यह संस्था आगे बढ़ रही है । सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के ग्रामीण अंचल से लेकर शहर के दिव्यांग बच्चे यहां रहते हैं । संस्था प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता हिरा देवी निराला यहां बच्चों का भविष्य गढ़ रही है। ।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
अब मोतिया-बिन्द की सर्जरी से डरना छोड़िए!
अनुभवी फेको सर्जन
MICS तकनीक से सुरक्षित एवं आरामदायक सर्जरी
बिना इंजेक्शन | तेज रिकवरी, तुरंत घर वापसी कम समय में सर्जरी
बिना टांके | प्रीमियम MULTIFOCAL / EDOF लैंस उपलब्ध
बिना पट्टी | बिना इंजेक्शन के आई ड्रॉप से सर्जरी
फिर से साफ दिखेगा परिवार का हर मुस्कुराता चेहरा
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
(MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE, AAO MEMBER)
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### कांवर यात्रा के लिए महिला समिति का गठन

**सिमगा।** श्री शिव मंदिर रामनगर में सिमगा में नगर की प्रमुख महिला सदस्यों का बैठक आयोजित कर सावन माह में कांवर यात्रा निकालने के लिए समिति गठित की गई है। इसमें नगर के सभी मोहल्ले के महिला सदस्यों को समिति में रखते हुए कांवर यात्रा 16 अगस्त दिन रविवार को श्री शिव मंदिर कोष्टा तालाब से सुबह 10 बजे निकलेगी। यात्रा जयस्तम्भ चौक से होते हुए पुरानी बस्ती आजाद चौक, सोनकर पारा से श्री सिद्धिश्वर शिव मंदिर शिवनाथ नदी किनारे तक जाएगी। जहां सभी भक्त जल अभिषेक कर भगवान का आशीर्वाद लेंगी। समिति में शामिल सदस्य अपने अपने मोहल्ले से यात्रा में भाग लेने वालों को एकत्रित करने जवाबदारी दी गई है।

### जोन-4 अध्यक्ष के बेटे के खिलाफ कोतवाली थाने में मारपीट का अपराध दर्ज

रायपुर। कोतवाली थाना में जोन-4 अध्यक्ष मुरली शर्मा के बेटे के खिलाफ जोन आयुक्त के ड्राइवर ने मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। ड्राइवर के साथ मारपीट की घटना गुरुवार की है। रिपोर्ट दर्ज कराने के पूर्व निगम के कर्मचारी, अधिकारी महापौर मीनल चौबे से मिलने निगम मुख्यालय पहुंचे थे। मारपीट का कारण जोन अध्यक्ष के साथ तीन से चार दिन पूर्व किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इस बात को लेकर जोन अध्यक्ष के बेटे ने मारपीट की। योगेंद्र साहू ने अनिल शर्मा के खिलाफ मारपीट करने, गाली-गलौज करने की शिकायत दर्ज कराई है। वह प्लेसमेंट एजेंसी की तरफ से जोन आयुक्त की कार का चालक है। मारपीट की घटना से व्यथित ड्राइवर ने अपने अन्य साथी-कर्मचारियों के पास शिकायत की। ड्राइवर के साथ मारपीट की घटना से निगम के कर्मचारी, अधिकारी नाराज हैं। उन लोगों ने निगम प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि ऐसे असुरक्षा के माहौल में उनका काम करना मुश्किल है। निगम प्रशासन उन्हें सुरक्षा उपलब्ध कराए। साथ ही भविष्य में ऐसी घटना न हो, इसकी व्यवस्था बनाने की बात कही।

### पूर्व सैनिकों के लिए विशेष समाधान शिविर 3 को

रायपुर। मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री रेजिमेंट द्वारा पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके आश्रितों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए राष्ट्रव्यापी आउटरीच कार्यक्रम मिशन निरंतर मिलाप 1.0 चलाया जा रहा है। इस मिशन के चौथे चरण के तहत 3 अगस्त को शास्त्री चौक रायपुर स्थित जिला सैनिक कल्याण दफ्तर में विशेष शिविर लगेगा, जो सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित होगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि इस शिविर में पेंशन से संबंधित शिकायतों और विसंगतियां, स्पर्श पोर्टल से जुड़ी तकनीकी और पेंशन समस्याएं, सेवानिवृत्ति लाभ और अन्य सैन्य भत्तों से संबंधित जानकारी एवं पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की अन्य शिकायतों संबंधी सम्याओं का समाधान किया जाएगा।

### शहीद हेमू कालाणी समिति ने अधिकारियों से की मुलाकात

**रायपुर।** अमर शहीद हेमू कालाणी समिति के प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को जोन क्रमांक-2 नगर निगम के कमिश्नर संतोष पाण्डेय एवं कार्यपालन अभियंता पीडी घृतलहरे से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने इन अधिकारियों से अमर शहीद हेमू कालाणी चौक पर सौंदर्यीकरण एवं आदमकद मूर्ति लगाने में विलंब होने के कारणों के संबंध में चर्चा की, जिस पर जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय ने आए हुए प्रतिनिधिमंडल को कार्य कर रहे ठेकेदार से चर्चा करने के बाद आश्वस्त किया एवं पूरा भरोसा दिलाया कि 1 या 2 दिन के भीतर ही कार्य ठेकेदार द्वारा शुरू किया जाएगा। इस चर्चा बाद प्रतिनिधिमंडल ने आश्वस्त होकर संबंधित अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। यह जानकारी वीर अमर शहीद हेमू कालाणी समिति के अध्यक्ष किशोर आहूजा, मीडिया प्रभारी भरत पमनानी ने देते हुए बताया कि मुलाकात करने वालों समिति के महासचिव प्रेम बिरनानी, पूर्व महासचिव लक्ष्मण जगवानी, संयोजक अनेश बजाज, भरत पमनानी आदि उपस्थित थे।

# नाबालिगों के वाहन चालन पर यातायात पुलिस की कड़ी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं अल्पवयस्क (नाबालिग) बच्चों द्वारा बिना लाइसेंस व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने की प्रवृत्ति को रोकने के उद्देश्य से यातायात शाखा भाटापारा पुलिस टीम द्वारा एक नया एवं सराहनीय नवाचार प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत भाटापारा शहर के प्रमुख शिक्षण संस्थानों के सूचना पटल पर जागरूकता हेतु विशेष फ्लेक्सी बोर्ड स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को यातायात नियमों तथा कानूनी प्रावधानों की जानकारी मिल सके। इसी क्रम में यातायात पुलिस भाटापारा द्वारा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाटापारा, गुरुकुल स्कूल भाटापारा एवं मयूर स्कूल भाटापारा परिसर में सूचना पटल पर फ्लेक्सी बोर्ड लगाए गए हैं।

मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्त कानूनी प्रावधान यातायात पुलिस द्वारा लगाए गए जागरूकता फ्लेक्सी बोर्ड के माध्यम से आमजन एवं पालकों को सख्त चेतावनी व कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया जा रहा है।

जिस गाड़ी से नाबालिग द्वारा अपराध या यातायात नियमों का उल्लंघन किया गया है, उस वाहन का रजिस्ट्रेशन 12 महीने 1 वर्ष तक निलंबित किया जा सकता है।

## स्कूलों में शुरू हुआ जागरूकता का अनूठा नवाचार

### 25 हजार जुर्माना, 3 साल तक की सजा

मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 199 ए के तहत यदि 18 साल से कम उम्र का बच्चा गाड़ी चलाते पकड़ा जाता है, तो गार्जियन (माता-पिता/अभिभावक) या गाड़ी के मालिक पर 25,000 का जुर्माना अथवा 3 साल तक की सजा का कड़ा प्रावधान है।




### नाबालिग को लाइसेंस नहीं मिलेगा

नियम तोड़ने वाले नाबालिग को 25 साल की उम्र तक ड्राइविंग लाइसेंस जारी नहीं किया जाएगा।पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी परिस्थिति में दोपहिया या चारपहिया वाहन न दें। थोड़ी सी लापरवाही बच्चों के भविष्य और जीवन दोनों के लिए खतरनाक साबित हो सकती है। यातायात पुलिस का यह जागरूकता अभियान शहर के अन्य स्कूलों व सार्वजनिक स्थलों पर भी निरंतर जारी रहेगा।

## कर्मचारियों को मिलेगा बिना सीमा इलाज का लाभ

# कैशलेस चिकित्सा योजना में बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

- ई-हेल्थ कार्ड से होगी सुविधा, अस्पतालों की संख्या बढ़ाने का भी आश्वासन

छत्तीसगढ़ के शासकीय कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना में महत्वपूर्ण बदलाव किया गया हैं। छत्तीसगढ़ कैशलेस चिकित्सा सेवा कर्मचारी कल्याण संघ की एक सूत्रीय मांग पर शासन ने सचिव स्तर की बैठक में सहमति जताते हुए योजना में कई अहम प्रावधानों को मंजूरी दी है।



संघ के अनुसार अब कर्मचारियों एवं उनके आश्रित परिवारजनों के लिए विभाग द्वारा ई-हेल्थ कार्ड जारी किए जाएंगे। इस कार्ड के माध्यम से उपचार के लिए किसी प्रकार की वित्तीय सीमा लागू नहीं होगी, जिससे पात्र कर्मचारियों को आवश्यकतानुसार कैशलेस इलाज की सुविधा मिल सकेगी।

योजना के बेहतर संचालन और कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कस्टमर केयर की भी व्यवस्था की गई है। वर्तमान में राज्य और राज्य के बाहर बड़ी संख्या में अस्पतालों को उपचार के लिए मान्यता प्राप्त है। संघ की ओर से संबद्ध अस्पतालों की संख्या बढ़ाने की मांग भी शासन के समक्ष रखी गई, जिस पर शासन ने शीघ्र ही अस्पतालों की नई सूची जारी करने का आश्वासन दिया है।

सचिव स्तर की बैठक में संघ की प्रदेश अध्यक्ष उषा चंद्राकर, प्रदेश संरक्षक राकेश सिंह, प्रदेश संयोजक पीयूष गुप्ता, देवप्रसाद साहू एवं रविशंकर सिंघन उपस्थित रहे।

संघ के संस्थापक सदस्य एवं प्रदेश संयोजक रमेश कुमार नेगी ने बताया कि शासन के इस निर्णय से प्रदेश के कर्मचारियों और उनके परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने संगठन का सहयोग करने वाले सभी कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए निर्णय का स्वागत किया।

# पं. युवराज पांडे सुनाएंगे शिव महिमा की कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी



शिवरीनारायण में 4 अगस्त से सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा महोत्सव का शुभारंभ होगा। गणपत लाल केशरवानी परिवार द्वारा आयोजित शिव महापुराण कथा के आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मेला ग्राउंड में भव्य वाटरप्रूफ डोम पंडाल और आकर्षक मंच तैयार किया गया है। कथा के दौरान मंच के दोनों ओर बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई जा रही हैं, ताकि दूर बैठे श्रद्धालु भी कथा का सहज श्रवण और दर्शन कर सकें छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के अमलीपदर के सुप्रसिद्ध कथा व्यास पंडित युवराज पांडे भगवान शिव की महिमा और शिव महापुराण की अमृतमयी कथा का वाचन करेंगे। यह कथा महोत्सव 4 से 10 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से प्रभु इच्छा तक आयोजित होगा। कथा का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा मुख्य आयोजक केसरवानी परिवार के सागर (छोटू) केशरवानी ने बताया कि कथा में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन भोजन प्रसाद की व्यवस्था रहेगी। वहीं गिधौरी क्षेत्र से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष वाहन सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। प्रेस वार्ता में मुख्य आयोजक सागर केसरवानी, पार्षद सुधांशु तिवारी, पार्षद ओमप्रकाश साहू, उग्रेश्वर गोपाल केवट सहित अनेक पत्रकार उपस्थित थे।

# नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक और एसपी से सतनामी समाज के प्रतिनिधिमंडल की सौजन्य भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले के नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक राय गौरव रामप्रवेश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खोमन सिन्हा से शुक्रवार को सतनामी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधियों ने दोनों अधिकारियों का पुष्पगुच्छ एवं बाबा गुरु घासीदास का छायाचित्र भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया।



मुलाकात के दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने तथा शांति कायम रखने में पुलिस प्रशासन को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। वहीं सतनामी समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों एवं जिले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सकारात्मक चर्चा हुई।

पुलिस अधीक्षक राय गौरव रामप्रवेश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खोमन सिन्हा ने प्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से सुना और समाज के साथ समन्वय बनाए रखते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ संकुल शैक्षिक समन्वयक संघ के प्रांताध्यक्ष एवं समाजसेवी विक्रम राय गुरुजी, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा बलौदाबाजार के जिलाध्यक्ष चरणदास तेहरवंश, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष भुनेश्वर डहरिया, प्रगतिशील सतनामी समाज के ब्लॉक सचिव लोचन बांधे, अमेरा पंच संदीप घृतलहरे, युवा नेता उदय बंजारे सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

समाज के प्रतिनिधियों ने नवपदस्थ पुलिस अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में जिले में कानून का राज और अधिक सुदृढ़ होगा तथा सामाजिक समरसता एवं आपसी सौहार्द को नई मजबूती मिलेगी।

# खरपतवारनाशी दवा के छिड़काव में जुटे किसान, बारिश बन रही बाधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

हिरमी अंचल के मोहरा, भालेसूर, मुसवाडीह, भालूकोना, कुथरौद सहित आसपास के गांवों में खरीफ सीजन के दौरान किसान धान की फसल में उग आई खरपतवार को नियंत्रित करने के लिए खेतों में खरपतवारनाशी दवा का छिड़काव कर रहे हैं।



लगातार हो रही रुक-रुक कर बारिश के कारण किसानों को दवा छिड़काव में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर दवा छिड़काव के कुछ ही समय बाद बारिश होने से दवा का असर कम हो जा रहा है, जिससे किसानों की लागत और मेहनत दोनों बढ़ रही हैं। किसान भूपेश धुरंधर ने बताया कि धान की फसल में खरपतवार तेजी से फैल रही है, जिसे नियंत्रित करने के लिए इन दिनों दवा का छिड़काव किया जा रहा है। लेकिन मौसम की बेरुखी के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है। बारिश होने पर दवा का प्रभाव घट जाता है और कई बार दोबारा छिड़काव करना पड़ता है।क्षेत्र के किसानों का कहना है कि यदि कुछ दिनों तक मौसम साफ रहा तो खरपतवार नियंत्रण का कार्य तेजी से पूरा किया जा सकेगा। फिलहाल किसान मौसम पर नजर बनाए हुए हैं और बारिश थमते ही खेतों में दवा छिड़काव का कार्य जारी रख रहे हैं।

## 43 बालिकाओं को मिली साइकिलें



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

उच्च मा. विद्यालय वटगन में कक्षा नवमी के 43 बालिकाओं को सरस्वती साइकिल योजना के तहत सायकिल दी गई। इस अवसर पर सरपंच बाबू लाल बंजारे, शाला विकास समिति अध्यक्ष फ़िलेंद्र वर्मा, मेनका वर्मा उपाध्यक्ष, दामिनी कन्नौजे प्राचार्य, एच के वर्मा सायकल प्रभारी, व्याख्याता बीएल ढी ढी, व्याख्याता एम के वैष्णव, टी के साहू, रेखा वर्मा, के एन गोयल, एम एल ध्रुव प्रधानपाठक सहित समस्त शिक्षकगण व छात्रगण उपस्थित थे। सभी बच्चों को गुलाल लगाकर व मिठाई खिलाकर सायकिल प्रदान की।

## नयापारा वार्ड में सीसी रोड-नाली निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

नयापारा वार्ड में सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने किया।इस मौके पर वार्डवासी, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र के नागरिक उपस्थित थे।

अश्वनी शर्मा ने कहा कि भाटापारा नगर के विकास को लेकर नगर पालिका परिषद पूरी गंभीरता के साथ काम कर रही है। विकास का लाभ शहर के हर वार्ड और प्रत्येक नागरिक तक पहुंचे, यही प्राथमिकता है। हमारा उद्देश्य सिर्फ सड़क बनाना नहीं, बल्कि नागरिकों को ऐसी मूलभूत सुविधाएं देना है, जिससे उनका दैनिक जीवन आसान और सुविधाजनक हो। नयापारा वार्ड में सीसी रोड और नाली निर्माण से आवागमन के साथ-साथ जल निकासी की समस्या का भी समाधान होगा। शर्मा ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में आवश्यकताओं के आधार पर विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। जहां सड़क की आवश्यकता है, वहां सड़क, जहां नाली की जरूरत है, वहां नाली और जहां अन्य मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता है, वहां उन कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है।



## आवारा पशुओं से राहगीर हो रहे परेशान

**गोपालपुर।** बरसात के दिनों में गांव एवं क्षेत्र में आवारा पशु सड़कों पर डेरा डालकर बैठे हुए हैं। उससे आवागमन करने वाले राहगीरों को परेशानी झेलनी पड़ रही है और लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। आवारा पशुओं से एक और बहुत बड़ा, किसानों को नुकसान झेलना पड़ रहा है। लोगों के जीविका के साधन कृषि कार्य करना सभी जगह धान, मूंगफली, उड़द, तील व अन्य फसल लगाएं हुए हैं। उनको आवारा पशुओं पैर में रौंदकर व चरकर नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसानों ने मौखिक चर्चा करने पर बताया कि बीज को खरीद कर लगाए हैं और जिस खेत में पशुओं पहुंच रहे हैं। उनको भारी मात्रा से नुकसान पहुंचा रहे है। जिससे फसल उत्पादन मे कमी आएगा और आय मे नुकसान होगा। ज्ञात हो कि बरसात के समय होने के कारण सड़क गड्ढे हो गए हैं इसमें भी राहगीरों को दुर्घटना का भय बना हुआ है।



## चार दशक की सेवाओं के बाद उत्तर और नारायण सेवानिवृत्त

# दो वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सेवानिवृत्त, एसपी ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

पुलिस परिवार ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समारोह में विभाग से सेवानिवृत्त हुए दो वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों सहायक उप निरीक्षक उत्तर साहू एवं प्रधान आरक्षक नारायण अवस्थी को विदाई दी। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने दोनों अधिकारियों को शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया।



समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खोमन सिन्हा, उप पुलिस अधीक्षक संजय कुमार साहू तथा उप पुलिस अधीक्षक राजेश श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सेवानिवृत्त कर्मियों की दीर्घकालीन, अनुशासित एवं निष्ठापूर्ण सेवाओं की सराहना करते हुए उनके सुखद, स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

सहायक उप निरीक्षक उत्तर साहू वर्ष 1989 में आरक्षक के रूप में पुलिस विभाग में भर्ती हुए थे। लगभग 37 वर्षों की सेवा के दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न थाना एवं चौकियों में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। सेवानिवृत्ति के समय वे यातायात शाखा बलौदाबाजार में पदस्थ थे।

वहीं प्रधान आरक्षक नारायण अवस्थी वर्ष 1984 में आरक्षक के रूप में भर्ती हुए थे। करीब 42 वर्षों के सेवाकाल में उन्होंने जिले के कई थाना एवं चौकियों में अपनी सेवाएं दीं। सेवानिवृत्ति के समय वे थाना राजादेवरी में पदस्थ थे।

समारोह में दोनों अधिकारियों के परिजन, पुलिस कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी तथा जिला पुलिस बल के जवान बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस अवसर पर सहकर्मियों ने दोनों अधिकारियों के योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

